हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री



4 चक्रधर समारोह : सातवीं संध्या में लोक कला का जादू, सुर-ताल और घुंघरुओं की गूंज से गूंजा मंच



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## शहर के अधिकांश इलाकों में नहीं जल रही लाइट, टाइमर भी खराब

# रात होते ही अंधेरे में डूब जाता है सुघ्घर रईगढ़ स्ट्रीट लाइट के मेंटनेंस में शहर सरकार फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रात होते ही हमारा सुघ्घर रईगढ़ अंधूरे में डूब जाता है। शहर के अधिकांश इलाकों में कई माह से स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे हैं। वहीं, टाइमर खराब होने से कई क्षेत्रों में दिन के समय लाइट जलते नजर आते हैं। जिससे शहरवासियों को रात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर स्ट्रीट लाइट के मेंटेनेंस को लेकर शहर सरकार पूरी तरह फेल नजर आ रही है।

दरअसल 7 साल पहले शासन का ईईसीएल कंपनी से करार हुआ था। उक्त कंपनी पूरे प्रदेश में स्ट्रीट लाइट लगाने और मेंटेनेंस का काम कर रही थी। हाल ही में उक्त कंपनी का ठेका समाप्त हो गया है, जिससे रायगढ़ शहर में स्ट्रीट लाइट का मेंटेनेंस ही नहीं हो रहा है। ऐसे में रात होते ही शहर के अधिकांश इलाके अंधेरे में डूब जाते हैं। जिससे लोगों का उन रास्तों से गुजरना मुश्किल हो गया है।

इसके अलावा कई क्षेत्रों में तो ये लाइट ऑटोमेटिक जलते-बुझते रहते हैं। इतना ही नहीं कुछ वार्डों में टाइमर खराब होने से लाइट रात की बजाय दिन में जलते रहते हैं। इस तरह स्ट्रीट लाइट का सिस्टम ही पूरी तरह गड़बड़ा गया है। निगम के पास उक्त एलईडी लाइट्स को सुधारने के लिए सामान भी उपलब्ध नहीं हैं। इस पर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाने के बजाय शहर सरकार भी चुप्प बैठी है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### शासन को 1 करोड़ 27 लाख का भेजा है प्रस्ताव

इस संबंध में नगर निगम एई व विद्युत विभाग प्रभारी सूरज देवांगन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मई माह में ईईसीएल का ठेका समाप्त होने के बाद अचानक से ही यह डिपार्टमेंट खाली हो गया है। क्योंकि पहले से हमारा कोई प्लानिंग नहीं था। अभी स्ट्रीट लाइट का सुधार निगम स्तर से ही किया जा रहा है। इसके अलावा शासन को नए स्ट्रीट लाइट्स, पैनल, टाइमर्स, केबल आदि सामान के लिए 1 करोड़ 27 लाख का प्रस्ताव बना कर भेजा गया है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिली है।

### टेंडर जारी किया है

ईईसीएल कंपनी का प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अलग-अलग समय ठेका हुआ था। कुछ जिलों में अभी भी कंपनी काम कर रही है। जब पूरे प्रदेश में इसका ठेका समाप्त हो जाएगा तो फिर शासन नया ठेका कर सकती है। फिलहाल रिपेयरिंग के लिए टेंडर जारी किया गया है।

-सूरज देवांगन
एई, नगर निगम

### ठेका लेने कोई कंपनी नहीं दिखा रही रुचि

नगर निगम प्रशासन द्वारा खराब स्ट्रीट लाइट के रिपेयरिंग के लिए तीन बार टेंडर भी जारी किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी कंपनी ने ठेका लेने में रूचि नहीं दिखाई गई है। जिससे शहर के वार्ड क्रमांक 4, 3, 14, 15, 21 सहित अन्य वार्डों में रात में कई माह से अंधेरा छाया रहता है। खास बात यह है कि कई बीजेपी पार्षदों के वार्डों में भी ये स्थिति है, लेकिन अपनी सरकार होने की वजह से वो कुछ नहीं बोल पा रहे हैं।

### करते हैं वैकल्पिक व्यवस्था

नगर निगम के एक लाइनमैन ने बताया कि बारिश की वजह से शहर के चारों दिशाओं में स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हैं। ईईसीएल कंपनी का ठेका समाप्त होने से अब मेंटेनेंस का जिम्मा इनके उपर आ गया है, लेकिन इनके पास लाइट सुधारने के लिए कोई संसाधन ही नहीं है। जहां कहीं से लाइट बंद होने की शिकायत आती है तो वैकल्पिक तौर पर इधर-उधर जुगाड़ से या निगम में पड़े पुराने छोटे लाइट को वहां लगाते हैं।

### सावित्री जिंदल पुल में हादसे का खतरा

शहर के बेलादुला खर्राघाट स्थित सावित्री जिंदल पुल में लगे एक भी स्ट्रीट लाइट रात में नहीं जलते हैं। इसके अलावा इस पुल पर हमेशा मवेशियों का जमावड़ा रहता है। ऐसे में रात में यहां हादसे का खतरा बढ़ जाता है और कई बार हादसा भी हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा वार्ड पार्षद से इसकी शिकायत की गई है, लेकिन पार्षद कर भी क्या सकते हैं, उन्हें भी निगम से सिर्फ निराशा ही मिल रहा है।

### होती है आपराधिक घटनाएं

शहर के जिन इलाकों में रात में स्ट्रीटें नहीं जलती वहां असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। मरीन ड्राइव, सावित्री जिंदल पुल, लक्ष्मीपुर, इंदिरानगर, बापूनगर जैसे क्षेत्रों में मारपीट, छिनतई, लूटपाट, शराबखोरी आम बात हो गई है। जिस कारण से शरीफ लोगों का इन मार्गों से गुजरना मुश्किल हो गया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी की नीयत से घर में घुसे दो बदमाश गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर बाजार स्थित एक मकान में चोरी की नीयत से घर में घुसे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान विमल महंत और मोहम्मद दानिश के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की शिकायत सदर बाजार निवासी श्यामलाल गुप्ता ने दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब 10.30 बजे उनकी पत्नी को घर के भीतर किसी के घुसने की आहट सुनाई दी। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि दो युवक बेडरूम से लगे कमरे का दरवाजा धक्का मारकर खोलने की कोशिश कर रहे थे। शोर मचाने और पकड़ने की कोशिश पर दोनों ने हाथ छुड़ाकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने घर के बाहर खड़ी होंडा एक्टिवा की सीट तोड़कर नुकसान भी पहुंचाया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दोनों आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में विमल महंत निवासी लक्ष्मीपुर रायगढ़ और मोहम्मद दानिश निवासी बीडपारा शामिल हैं।

### जिले में 1090.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 सितम्बर तक 1090.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 35.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1237.4 मिली मीटर, पुसौर में 1136.6, खरसिया में 1003.1, घरघोड़ा में 1075.2, तमनार में 827.7, लैलूंगा में 961.1, मुकडेगा में 1306.1, धरमजयगढ़ में 911.6, छाल में 990.7 एवं कापू में 1455.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कृषि अधिकारियों ने किया प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक प्रतिष्ठान को सील बंद की कार्रवाई की गई।उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत की टीम मंगलवार 2 सितंबर को यूरिया उर्वरक को मूल्य से अधिक दर पर वितरण संदेहस्पद पर जिले के डेढ़ दर्जन से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

### पूंजीपथरा पुलिस ने दो ट्रक और दो माजदा से 49 टन कबाड़ किया जब्त



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो 12 चक्का ट्रक और दो माजदा वाहन से 49 टन कबाड़ जप्त किया है। दरअसल मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सालासर चौक गेरवानी और सामारूमा मंदिर के पास सड़क पर घेराबंदी कर यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए वाहनों में करीब 49.44 टन लोहे का स्क्रैप भरा हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत 13 लाख 76 हजार रुपए बताई जा रही है। वाहन जांच के दौरान चालकों के पास परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पूंजीपथरा पुलिस ने चारों वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। 6 चक्का माजदा सीजी 13 एजे 0821 के चालक अनुज कुमार निवासी गया बिहार से 7 टन स्क्रैप कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए, 6 चक्का माजदा सीजी 07 सीएल 8198 से चालक मनोज कुमार कुर्रे निवासी सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 9 टन स्क्रैप कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए, 12 चक्का ट्रक ओडी 16 के 7306 के चालक मोहम्मद बादशाह निवासी झारसुगुड़ा से 20 टन स्क्रैप कीमत 5 लाख 60 हजार रुपए, 12 चक्का ट्रक सीजी 15 एसी 1490 के चालक दिपु कुमार निवासी औरंगाबाद बिहार से 13.44 टन स्क्रैप कीमत 3 लाख 36 रुपए जप्त किया गया है।

## एनएचएम कर्मियों ने सिर मुंडाकर जताया विरोध



**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 17वें दिन भी जारी रही। अपनी 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े कर्मचारियों ने अब उग्र रुख अपनाते हुए सिर मुंडाकर विरोध जताया। शासन की ओर से जारी 24 घंटे का अल्टीमेटम और नौकरी से बर्खास्तगी की चेतावनी को कर्मचारियों ने सीधी चुनौती मानते हुए यह कदम उठाया। कर्मचारियों का आरोप है कि वे पिछले 20 वर्षों से लगातार शोषण सह रहे हैं। सरकार बार-बार मौखिक आश्वासन देती रही है। लेकिन लिखित आदेश न मिलने से उनका भरोसा टूट चुका है। प्रशासन का दावा है कि पाँच मांगें मान ली गई हैं, मगर अब तक कर्मचारियों के हाथ में कोई लिखित सहमति नहीं पहुँची है। मंगलवार को कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग का घेराव कर नारेबाजी की और मानव श्रृंखला बनाकर सरकार को चेतावनी दी। उनका कहना था कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। वार्ता के दौरान भी अधिकारियों की टालमटोल की नीति से कर्मचारियों का आक्रोश और भड़क गया। बता दें कर्मचारी नियमितीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित भर्ती में आरक्षण और मेडिकल/अन्य अवकाश की सुविधा की मांग पर हड़ताल में चले गए हैं।

**खास बात**
- हड़ताल के 17वें दिन अनोखा प्रदर्शन, प्रशासन से वार्ता विफल

### मोदी की गारंटी पर उठा रहे सवाल

कर्मचारियों ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी का क्या हुआ। क्या गारंटी सिर्फ भाषणों तक सीमित है। उन्होंने साफ कहा कि अब हड़ताल सिर्फ लिखित आदेश मिलने पर ही खत्म होगी। दूसरी तरफ कर्मचारियों के हड़ताल से प्रदेश की 6,239 स्वास्थ्य संस्थाओं की सेवाएँ प्रभावित हो रही हैं। अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## पिता जमीन बेचने के लिए नहीं हुए राजी तो बेटे ने दोस्त संग कर दी हत्या

**आरोपियों ने हत्या को चोरी का रूप देने का किया प्रयास, पुलिस ने 6 घंटे में सुलझाया मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठरापाली में 62 वर्षीय नत्थुराम चौहान की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। नत्थुराम की जमीन को उसका बेटा मालिकराम बेचना चाह रहा था, लेकिन वह राजी नहीं था। ऐसे में मालिकराम ने अपने दोस्त सजन अगरिया के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दरअसल मंगलवार की सुबह ग्राम कठरापाली बगईढोडहा स्थित खेत में नत्थुराम चौहान का लहूलुहान शव मिला था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। नत्थुराम अपने परिवार से दूर अकेले रहता था। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ में संदेह नत्थुराम के बेटे मालिकराम पर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथी सजन अगरिया के साथ मिलकर हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी मालिकराम ने बताया कि वह अपने पिता की जमीन बेचना चाहता था, लेकिन नत्थुराम इसके लिए तैयार नहीं था। इसी रंजिश के चलते मालिकराम और सजन ने 1 सितंबर की रात हत्या की योजना बनाई। घटना वाली रात सजन अगरिया नत्थुराम के घर पहुंचा और उसे उसके घरवाले बुला रहे हैं कर बहाना बनाकर बाहर बुलाया। जैसे ही नत्थुराम घर से बाहर निकला पहले से घात लगाए मालिकराम ने टांगी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों आरोपियों ने घटना को चोरी का रूप देने के लिए बोरवेल पंप का तार काटकर टांगी और तार खेत में फेंक दिए जिससे चोरी के लिए हत्या प्रतीत हो। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

### लैलूंगा में ग्रामीण की हत्या का आरोपी भी पकड़ा गया

लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में रविवार रात हुई हत्या के मामले का भी पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी मधुसूदन राठिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि 31 अगस्त की रात गाडाराम राठिया और मधुसूदन राठिया पडोसी के घर पर मौजूद थे। दोनों के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर मधुसूदन ने जलाने के लिए रखी गई लकड़ी से गाडाराम के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर हालत में घायल गाडाराम को सीएचसी लैलूंगा ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी।

## म्यूल एकाउंट गिरोह पर रायगढ़ पुलिस ने कसा शिकंजा, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस ने साइबर अपराध के लिए म्यूल एकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक और संगठित गिरोह पर शिकंजा कसते हुए हुए सक्ती जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवाजी चन्द्रा और जितेश चन्द्रा शामिल हैं, जो माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से लोन दिलाने के बहाने जरूरतमंदों से बैंक खाते खुलवाते और फिर उन खातों को साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह में पांच अन्य सदस्यों की संलिप्तता है जो फर्जी सिम कार्ड और एकाउंट खुलवाते थे जिनकी तलाश की जा रही है। दरअसल भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध (समन्वय पोर्टल) के माध्यम से म्यूल खाताधारकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल रायगढ़ को प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। डीएसपी साइबर अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन पर थाना कोतवाली द्वारा की गई जांच में रायगढ़ के विभिन्न बैंक खातों में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त 69 लाख 18 हजार 979 रुपए जमा होना पाया गया। इन रकम को अलग-अलग राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल, कर्नाटका और महाराष्ट्र में भेजे गए थे। इन खातों में गए 5 लाख 22 हजार 798 रुपए को होल्ड कराया गया है। धोखाधड़ी को लेकर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।



## मलखंब दल ने दिलाई अबूझमाड़ को नई पहचान

**रायगढ़।** बस्तर का अबूझमाड़ इलाका, जिसे कभी पिछड़े और विकास से दूर क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। आज मल्लखंब की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यह पहचान दी है उन जांबाज़ युवाओं ने। जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में रहकर भी सपनों को पंख दिए और इंडियाज़ गॉट टैलेंट 2023 के मंच पर देशभर में अपनी धाक जमाई। यही दल मंगलवार को रायगढ़ के चक्रधर समारोह में अपनी प्रस्तुति देने पहुंचा। प्रस्तुति से पहले उन्होंने प्रेसवार्ता ली। प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी गई कि दल के प्रमुख मनोज प्रसाद ने 2016 में इस सफर की शुरुआत की थी। आदिवासी अंचल के परंपरागत खेलों और कलाओं को संजोते हुए उन्होंने बच्चों को मल्लखंब जैसे कठिन खेल से जोड़ा। शुरुआत में संसाधनों की कमी था। ना ठीक से साधन, ना ही बड़े मंच। लेकिन बच्चों की लगन और साहस ने इन कठिनाइयों को ताकत में बदल दिया। आज इस दल में 15 खिलाड़ी हैं। जिनकी उम्र 10 साल से लेकर 21 साल तक है। इन बच्चों ने मिट्टी और जंगलों में खेलते हुए शारीरिक संतुलन और अनुशासन सीखा और धीरे-धीरे मल्लखंब में महारत हासिल कर ली। कोरोना काल के बाद जब ये दल मंचों पर उतरा तो हर जगह तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ। प्रेस कांफ्रेंस में कहा गया कि मल्लखंब सिर्फ एक खेल नहीं। बल्कि यह शरीर और मन के बीच संतुलन साधने की साधना है। इसमें साहस, लय और अनुशासन की परीक्षा होती है। यही वजह है कि अबूझमाड़ मल्लखंब दल जहां भी जाता है, वहां दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। मनोज प्रसाद का कहना था कि हमारा मकसद सिर्फ मल्लखंब को लोकप्रिय बनाना नहीं। बल्कि अबूझमाड़ के बच्चों को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाना है। ताकि दुनिया देखे कि सबसे दूरस्थ इलाका भी अपनी कला और प्रतिभा से इतिहास रच सकता है।

**एक्सप्रेस से लेकर पैसेंजर तक का संचालन प्रभावित, 15 सितम्बर तक जारी रहेगी स्थिति**

# चौथी लाइन बनी मुसीबत, रद्द और लेट हो रहीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रेलवे में चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। यह परियोजना यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी। लेकिन फिलहाल इसने आम लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन पर सीधा असर पड़ा है, जिससे रोज़ाना यात्रा करने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग और व्यापारी सबसे ज्यादा मुसीबत झेल रहे हैं। निर्माण कार्य के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। रायगढ़–बिलासपुर लोकल, गोंदिया–झारसुगुड़ा पैसेंजर और टाटा–इतवारी पैसेंजर को दोनों ही रूट पर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। वहीं, लंबी दूरी की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें भी घंटों की देरी से चल रही हैं। इसके चलते छात्रों की पढ़ाई, नौकरीपेशा लोगों की समयबद्धता और व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति फिलहाल 15 सितम्बर तक बनी रहने की संभावना है। इसके बाद काम की प्रगति और संचालन व्यवस्था को देखते हुए आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### देरी से चल रही प्रमुख ट्रेनें

- ऋषिकेश एक्सप्रेस – 6 घंटे लेट
- साउथ बिहार एक्सप्रेस – 6 घंटे 30 मिनट लेट
- इंदौर–पुरी एक्सप्रेस – 8 घंटे लेट
- पुरी–बीकानेर एक्सप्रेस – 4 घंटे लेट

### यात्रियों की बढ़ गईं मुश्किलें

स्थानीय यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पहले जनशताब्दी एक्सप्रेस (रायगढ़–गोंदिया) और गोंडवाना एक्सप्रेस (रायगढ़–हजरत निजामुद्दीन) सीधे रायगढ़ से मिलती थीं, लेकिन अब उनका संचालन बिलासपुर से किया जा रहा है। अचानक ट्रेनों का रद्द होना और लगातार लेट पहुंचना यात्रियों की दिनचर्या बिगाड़ रहा है।

### डीईओ ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने रायगढ़ और पुसौर विकासखंड के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल रायगढ़ए हाई स्कूल सूपा और हाई स्कूल बुनगा का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासकीय कन्या शाला रायगढ़ में निरीक्षण के दौरान कक्षा 06 वीं में बच्चों द्वारा पहाड़ा नही बता पाने के कारण प्राचार्य को ध्यान देकर 20 तक के पहाड़े एक हफ्ते में याद कराकर अवगत कराने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान कन्या शाला में चल रहे ओपन स्कूल के परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल सूपा का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कक्षा 06 वीं और 08 वीं के कक्षा शिक्षक के प्रशिक्षण में पुसौर जाने के कारण कोई भी अध्यापन व्यवस्था न किये जाने पर कक्षायें खाली पाई गई।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्गस ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज'का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।




***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत'का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

## गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा'से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।


### शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

## सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



## हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

## मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर'पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

## अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

## सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ढोरम में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। सुबह करीब 7:30 बजे गांव के ही 23 वर्षीय युवक रामकुमार उरांव, पिता- मोहन उरांव, अचानक गांव के बाहर बने कुएं में गिर पड़ा। पैर फिसलने से हुआ यह हादसा कुछ ही पलों में मौत में बदल गया और देखते ही देखते परिवार और गांव में मातम छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह का समय था और कई ग्रामीण खेतों व कामकाज के लिए निकल रहे थे। तभी कुएं के पास से गुजरते हुए कुछ लोगों ने पानी में गिरने की आवाज सुनी। पास जाकर देखा तो रामकुमार कुएं में डूब रहा था। ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कुआं गहरा और पानी अधिक होने से उसे बाहर निकालने में देर हो गई। जब तक लोग उसे बाहर लाए, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलने पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसे खुले कुओं और असुरक्षित जगहों के आसपास सतर्क रहें और बच्चों व युवाओं को वहां जाने से रोकें, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दुखद घटना न हो।

### कार्यकारी निदेशक पर जानलेवा हमला

**राउरकेला।** राजगांगपुर शहर के गणेश पूजा पंडाल में शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डालमिया भारत सीमेंट के कार्यकारी निदेशक चेतन श्रीवास्तव पर जानलेवा हमला कर दिया गया। यह हमला अचानक हुआ और बताया जा रहा है कि इसके पीछे पुरानी रंजिश कारण रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही आरोपी ने श्रीवास्तव पर वार करने की कोशिश की उनके सुरक्षा में तैनात बाउंसर ने तत्परता दिखाते हुए निदेशक को सुरक्षित कर लिया। इसी दौरान पंडाल में मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। हमलावर की पहचान दिलीप साहू के रूप में हुई है। भीड़ की पिटाई से गंभीर रूप से घायल साहू को राउरकेला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे निगरानी में रखा है। वहीं निदेशक श्रीवास्तव को मामूली चोटें आईं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हमला सिर्फ व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा था या इसके पीछे कोई और गहरी साजिश है।

### पुलिस ने गांजा तस्करों पर कसा शिकंजा

**राउरकेला।** शहर में नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने मंगलवार को दो अलग-अलग थानाक्षेत्रों में छापामारी कर गांजा तस्करी के मामलों का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 3 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। पहला मामला ब्रम्हानीतरंग थाना क्षेत्र का है। यहां 2 सितंबर की सुबह लगभग 9 बजे एसआई यूके साहू अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में दिखाई दिया। पूछताछ और तलाशी में आरोपी मनोज किशन (45 वर्ष), पिता- थिलु किशन, निवासी मलिकपाली, चिकटमाटी के पास से एक प्लास्टिक बोरी में लगभग 1 किलो गांजा बरामद हुआ। चूंकि आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था, इसलिए कार्यपालक दंडाधिकारी की मौजूदगी में गांजा जब्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई रघुनाथपाली थाना क्षेत्र में की गई। एसआई हृषीकेश प्रधान गश्ती पर थे, तभी पुलिस को सिविल टाउनशिप स्थित सरकारी स्वायत्त महाविद्यालय के पीछे पहुंच मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ में उसकी पहचान गोविंदा माझी (42 वर्ष), पिता- स्व. भोलेश्वर माझी, निवासी कुंडापीठा जिला देवगढ़, वर्तमान पता- प्रेमनगर, राउरकेला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने बांधा समा, तालियों की गड़गड़ाहट से देर तक गूंजती रही

# चक्रधर समारोह : सातवीं संध्या में लोक कला का जादू, सुर-ताल और घुंघरुओं की गूंज से गूंजा मंच







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुर-ताल, छंद और घुंघरू के 40 बरस के अवसर पर स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 का सातवां दिन कला, संस्कृति और संगीत के रंगों से सराबोर रहा। मंच पर जहां छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की गूंज ने वातावरण को जीवंत किया, वहीं शास्त्रीय नृत्य और वादन की लयकारी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती छाया चंद्राकर ने अपनी मधुर आवाज और लोकगीतों की प्रस्तुति से पूरे पंडाल को संगीतमय कर दिया। उनके गीतों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक ने दर्शकों के मन को गहराई तक छू लिया।

गोवा से उस्ताद छोटे रहमत खान ने सितार वादन में ऐसी स्वर लहरियां बिखेरीं, जिसने उपस्थित हर श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी उंगलियों की थिरकन से निकले सुरों ने वातावरण को और भी सुरमयी बना दिया। इसी क्रम में शास्त्रीय नृत्य विधाओं ने भी अपनी छटा बिखेरी। कोरबा की इशिता कश्यप, बिलासपुर की कुमारी काजल कौशिक और कबीरधाम के सचिन कुम्हरे ने कथक में अद्भुत प्रस्तुति दी। रायगढ़ के दीपक दास महंत ने तबला वादन से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया, वहीं चेन्नई की कला क्षेत्र फाउंडेशन की टीम ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की। परंपरा और आधुनिकता के इस अद्भुत संगम ने चक्रधर समारोह के सातवें दिन को अविस्मरणीय बना दिया।

### छोटे रहमत खान ने सितार से किया मंत्रमुग्ध

तालेगांव गोवा से आए विख्यात सितार वादक उस्ताद छोटे रहमत खान की अनूठी प्रस्तुति का साक्षी बनने का अवसर मिला। उन्होंने सितार की मधुर और लयबद्ध लहरियों से ऐसा अद्भुत वातावरण निर्मित किया कि पूरा पंडाल सुरों और रागों के सागर में डूब गया। उस्ताद छोटे रहमत खान ने कार्यक्रम में पारंपरिक रागों के साथ-साथ अपनी विशिष्ट शैली के प्रयोग से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताल और लय के उतार-चढ़ाव पर आधारित उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से रूबरू कराया। बता दे कि उस्ताद छोटे रहमत खान प्रतिष्ठित धारवाड़ सितार घराने के संगीतकारों की छठी पीढ़ी से संबंधित है। संगीत साधना की परंपरा उन्हें अपने परिवार से विरासत में मिली है।

### तबला वादक दीपक ने बिखेरा जादू

रायगढ़ के युवा और सुप्रसिद्ध तबला वादक श्री दीपक दास महंत ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने तबले की मधुर थाप और लयकारी के साथ विभिन्न उपज पेशकार, कायदा, रेला, टुकड़ा और गत को ऐसी निपुणता से प्रस्तुत किया कि पूरा समारोह स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। श्रोताओं ने बार-बार उत्साह से अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। गौरतलब है कि श्री दीपक दास महंत ने तबला वादन की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता श्री अधीन दास महंत से प्राप्त की।

### कलाक्षेत्र फाउंडेशन ने बांधा समां

चेन्नई की प्रतिष्ठित कलाक्षेत्र फाउंडेशन ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत एकताल आलारिप्पु से की। इसके बाद तिल्लाना, भगवान शिव को समर्पित वेल्लियंबलम, कंचदलायताशी, वीडेमीथिल और नमस्कारम जैसी पारंपरिक विधाओं की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गहराई और भव्यता से रूबरू कराया।

### छाया चंद्राकर के लोक गायन का छाया जादू

छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ लोकगायिका छाया चंद्राकर ने अपनी प्रस्तुति से लोकसंगीत का ऐसा सुरमयी वातावरण रचा कि दर्शक झूम उठे। उनकी सुरीली आवाज़ और मधुर लोकधुनों ने एक ओर श्रोताओं को लोक परंपरा की गहराइयों में उतारा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी को हमारी लोकधरोहर से परिचित करवाया। छाया चन्द्राकर और उनकी टीम लोक छाया ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत इन्होंने भगवान गणेश वंदना से की। इसके बाद छत्तीसगढ़ महतारी को समर्पित गीत जय हो छत्तीसगढ़ महतारी तोर पांव... प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका अभिवादन किया।

### इशिता ने दी मनमोहक प्रस्तुति

चक्रधर समारोह के मंच पर कोरबा की मात्र 12 वर्षीय कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप ने अपनी सधी हुई प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं.मोरध्वज वैष्णव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ईशिता ने 4 वर्ष की आयु से नृत्य साधना शुरू की और कम उम्र में ही राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना ली है। समारोह में उन्होंने शिव वंदना एवं रायगढ़ घराने के बोलों पर आधारित विशेष बंदिश तराना और 150 चक्कर की अद्भुत प्रस्तुति दी। दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### काजल ने भाव-भंगिमाओं से बांधा समा

बिलासपुर की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना काजल कौशिक ने काली स्तुति, ठाठ, परण और तोड़ा, ठुमरी इत्यादि में अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, तीव्र लयकारी और कथक की विविध गतियों ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। भरतनाट्यम और ओड़िशी जैसी शास्त्रीय विधाओं की रंगत के बीच कथक की परंपरा ने मंच पर विशेष आकर्षण पैदा किया। काजल कौशिक ने आठ वर्ष की आयु से नृत्य साधना आरंभ की और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है।

### सचिन की प्रस्तुति चक्रधर सिंह को समर्पित

दूरदर्शन केंद्र रायपुर से जुड़े ग्रेडेड आर्टिस्ट तथा युवा कथक कलाकार कवर्धा के सचिन कुम्हरे ने आज की संपूर्ण प्रस्तुति संगीत सम्राट महाराज चक्रधर सिंह जी को समर्पित की। समारोह के मंच से किया गया यह भावपूर्ण अर्पण दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ शिव वंदना कैलाश महीधर से किया, जो राग जोग में है। इसके पश्चात ताल त्रिताल में ठाठ एवं महाराज चक्रधर सिंह जी द्वारा रचित बंदिशों- उपोपद्घात, चौपल्ली, गजविलास, रस पंचानन जोड़ापरण की प्रस्तुति दी। अंत में अष्ट नायिकाओं पर आधारित ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## घरघोड़ा में गणेशोत्सव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

■ जय स्तंभ चौक पर हो रहा था सात दिवसीय आयोजन



जय स्तंभ चौक स्थित श्याम सरकार सेवा संघ गणेश उत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय गणेशोत्सव का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान नगर में आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक रंगों का ऐसा संगम देखने मिला, जिसने पूरे घरघोड़ा को भक्तिमय बना दिया। सात दिनों तक गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने नगरवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

प्रत्येक सुबह गणेश भगवान की आरती और पूजन के साथ दिन की शुरुआत होती रही। शाम होते ही भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजायमान हो जाता था। श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे और गणेशोत्सव को ऐतिहासिक बनाने में सहभागी बने। आयोजन समिति ने समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की, जिससे यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं रहा बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बन गया। गणेशोत्सव की सफलता में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने आयोजन के हर चरण में नेतृत्व किया और स्वयं सेवाभाव से सक्रिय रहते हुए समिति और नगरवासियों का दिल जीता। पूजा-अर्चना से लेकर भंडारे की व्यवस्था तक हर बिंदु पर उनकी पैनी नजर रही। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनके मार्गदर्शन और ऊर्जावान नेतृत्व से ही इस वर्ष का गणेशोत्सव ऐतिहासिक बन सका।

### स्मार्ट सिटी कोष का दुरुपयोग बंद हो : यादव

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम और उसके साथ बनी बहुमंजिला कार पार्किंग एक बार फिर विवादों में घिर गई है। मार्च 2023 में करीब 148 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ यह आधुनिक खेल परिसर और 180 से 200 कारों की क्षमता वाली पार्किंग अब तक अपने वास्तविक उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं हो पाई। लेकिन अब नगर निगम ने इस पार्किंग को निजी संस्था को सौंपकर विवाह मंडप बनाने का निर्णय लिया है, जिससे शहर में भारी नाराजगी फैल गई है। इस अनुबंध से निगम को सात से आठ लाख रुपये तक किराये की आय होगी। किंतु शहरवासियों का कहना है कि ट्रैफिक समस्या को कम करने के लिए बनाई गई पार्किंग का इस तरह व्यावसायिक उपयोग शहर के हितों के विपरीत है। स्थानीय लोगों का तर्क है कि जब पार्किंग सुविधा ही उपलब्ध नहीं होगी तो शहर में बढ़ते वाहनों का दबाव और अधिक संकट खड़ा करेगा।

## फसल बचाने नहर में पानी की मांग लेकर सड़क पर उतरे किसान



**बिलाईगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी के किसानों ने मंगलवार को अपनी फसलों के लिए सिंचाई पानी की मांग को लेकर जल संसाधन विभाग के कार्यालय का रुख किया। किसानों के साथ नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने एसडीओ एस.के. चंद्राकर से मुलाकात कर नहर में तुरंत पानी छोड़े जाने की मांग की।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इस बार बारिश कम हुई है, जिससे धान और अन्य फसलें बर्बादी की कगार पर हैं। ऐसे में नहर ही उनकी आखिरी उम्मीद है। समस्या को गंभीरता से सुनते हुए एसडीओ ने भरोसा दिलाया कि दो दिनों के भीतर नहर में पानी की व्यवस्था कर दी जाएगी ताकि किसानों को राहत मिल सके। बैठक में एसडीओ ने नक्शे की मदद से विस्तार से समझाया कि किस नहर से पवनी तक पानी पहुंचाया जा सकता है। इस पर किसान संतुष्ट नजर आए। इस दौरान वार्ड क्रमांक-08 के पार्षद करन कुमार साहू ने कहा कि कई बार आसपास के गांव के लोग नहर को क्षतिग्रस्त कर देते हैं, जिससे पवनी तक पानी नहीं पहुंच पाता। उन्होंने ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग रखी। इस पर एसडीओ ने बताया कि फिलहाल बलौदाबाजार जिले की 15 ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह पवनी क्षेत्र से गुजरने वाली नहरों के गांवों को भी नोटिस जारी होगा और अगर नुकसान पहुंचाने पर रोक नहीं लगाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नंदू साहू, पार्षद करन साहू, कमलेश साहू, नंदलाल साहू, रामकृष्ण साहू, गोपाल साहू, गणेश साहू, राजेश चौहान, पार्षद प्रतिनिधि लोकनाथ साहू, पिंटू साहू समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बैगलेस दिवस कार्यशाला में चमके डभरा के शिक्षक पुरोहित

**चंद्रपुर।** क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में एनसीईआरटी के तत्वावधान में बैगलेस दिवस विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर सक्ती जिले के डभरा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोरसी में पदस्थ शिक्षक दीपेश पुरोहित को मिला।

कार्यशाला में देशभर से आए शिक्षकों ने बैगलेस दिवस को और उपयोगी तथा रचनात्मक बनाने के उपाय साझा किए। इस दौरान दीपेश पुरोहित ने वर्ली आर्ट, बांस कला, मूर्तिकला सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी इस सृजनशीलता की व्यापक सराहना हुई। कार्यशाला में शामिल एससीईआरटी की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. दीपा दास ने दीपेश पुरोहित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस अनुभव का उपयोग छत्तीसगढ़ में बैगलेस दिवस की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में किया जाएगा। गौरतलब है कि शिक्षक दीपेश पुरोहित लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। वे न केवल विद्यार्थियों को पढ़ाने में नवीन प्रयोग करते हैं बल्कि कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों को भी शिक्षण में जोड़कर बच्चों को व्यावहारिक और जीवनोपयोगी शिक्षा देने के लिए जाने जाते हैं।

## गौ संरक्षण सेवा समिति की बैठक संपन्न



**तमनार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमनार में गो संरक्षण सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विजय शंकर पटनायक ने कहा कि देसी गायों का संरक्षण और संवर्धन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष जागेश सिंह ने बताया कि गायों के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक मनबोध बेहरा ने जानकारी दी कि परीक्षा तीन स्तरों पर (कक्षा 6 से कॉलेज स्तर तक) होगी। प्रांत स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये रखा गया है। यह परीक्षा नवंबर में आयोजित होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता ने सभी प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों को 100 प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अधिकारियों के साथ बैठक में लंबित प्रकरण शीघ्र निपटाने के आदेश

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सांसद-विधायक और पीजीएन पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी अवश्य दें।

आगामी धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कृषि अधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार को जिले के शेष 7440 किसानों का 30 सितंबर तक 100 प्रतिशत पंजीयन कर फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम और छात्रावासों में रह रही बालिकाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और एनीमिया जांच कराने के निर्देश दिए। जिन बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर 7 या 8 प्रतिशत है, उन्हें विशेष डाइट चार्ट और आयरन-फोलिक एसिड दवाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने शेष हितग्राहियों के आयुष्मान एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड शीघ्र बनाने पर जोर दिया। साथ ही कुष्ठ, टीबी और फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों के निरंतर इलाज और फॉलोअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निर्माण और भू-अर्जन मामलों पर निर्देश

लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं सिंचाई विभाग को बिलाईगढ़ डिवीजन के लंबित भू-अर्जन और मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### शिक्षा और निरीक्षण पर जोर

कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता से पूरी करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं की समीक्षा कर फील्ड निरीक्षण करने तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एस.के. टंडन, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत बर्मन सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

